लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक

प्रभात प्रकाशन का 73वां साल

प्रभात

सीधी बात-सच्ची बात

अ.भा. तकनीकी परिषद के सदस्य-सचिव ने किया रिसर्च-मेथाडॉलोजी पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। प्रभात

सेन्टर फार इजुकेशन ग्रोथ व रिसर्च संस्थान, (सीईजीआर) नई दिल्ली द्वारा संस्थान की 13वीं पुस्तक का विमोचन हुआ। सी0ई0जी0आर0 के निदेशक रवीश रोशन ने बताया कि, यह पुस्तक भारतवर्ष में अपनी तरह की अलग पहचान वाली 'पहली-पुस्तक' प्रकाशित हो रही हैं जिसमें पाठ्यक्रम के अनुसार सभी 'मूल-चौप्टर' शामिल किए गये हैं। आशा है कि विद्यार्थियों के लिए यह एक प्रकार की अनोखी पुस्तक साबित होगी, जिसमें उनके सभी प्रश्नों के उत्तर मिल सकेगा।

इस पुस्तक का विमोचन 'उच्च शिक्षा में नेतृत्व व प्रबन्धन' की कार्यशाला के दौरान दिनांक 06 अक्टूबर को ए0पी0 मित्तल, सदस्य-सचिव अखिल भारतीय तकनीकी परिषद, द्वारा विमोचन किया गया। उस समय डॉ0 रमेश उन्नीकृष्णन, निदेशक अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, डॉ0 सोनाली सिन्हा, सी0ओ0ओ0, एवं

एस0डी0सी0, कुँवर शेखर विजेन्द्र कुलाधिपति, शोभित विश्वविद्यालय, वी0एम0 बन्सल, अध्यक्ष, नई दिल्ली प्रबन्धन संस्थान, तथा विभिन्न क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षाविद जिसमें 'स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज, लखनऊ के महानिदेशक डॉ0 भरत राज सिंह भी शामिल थे, की उपस्थिति रही। डॉ0 सिंह इस पुस्तक के 'इडिटोरियल-सदस्यों' में अपनी अग्रणी भूमिका निभायी तथा अत्याधिक चौप्टरों को सही रूप दिया। इनके द्वारा 28-चौप्टर इस की पुस्तक में 6-चौप्टर स्वयं द्वारा तैयार कर 'एक कीर्तिमान' स्थापित किया गया।

स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज के अध्यक्ष, एस0के0 सिंह तथा सचिव व कार्यकारी अधिकारी, शरद सिंह ने संस्थान की इस उपलब्धि हेतु प्रख्यात-शिक्षाविद डा0 भरत राज सिंह को साधुवाद दिया।